बिलासपुर से नई दिल्ली के लिये सीधी विमान सेवा की सुविधा जल्द होगी शुरू

चर्चा में क्यों?

11 अक्तूबर, 2023 को केंद्र सरकार व एलायंस एयर ने विंटर शेड्यूल में सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार बिलासपुर से दिल्ली सीधी विमान सेवा चलाने की घोषणा की है। यह विमान सेवा 31 अक्तूबर से शुरू होगी।

प्रमुख बिंदु

- अब बिलासपुर से दिल्ली तक सीधी विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी। प्रयागराज के लिये भी विमान सेवा इन्हीं दिनों में उपलब्ध रहेगी, क्योंकि एक ही विमान बिलासपुर को इन दोनों शहरों से कनेक्ट करेगी।
- विमान सेवा के लिये जारी शेड्यूल के अनुसार बिलासपुर से दिल्ली जाने वाला विमान दोपहर 3 बजकर 15 मिनट पर यहाँ से उड़ान भरेगा और शाम 5 बजकर 25 मिनट पर दिल्ली में लैंड करेगा। यह विमान सुबह 9 बजे दिल्ली से उड़कर सवा 11 बजे बिलासपुर पहुँचेगा। इस तरह बिलासपुर से दिल्ली सवा दो घंटे में पहुँचा जा सकेगा।
- दिल्ली से बिलासपुर आने वाला विमान ही दोपहर करीब पौने 12 बजे प्रयागराज के लिये उड़ान भरेगा और दोपहर 1 बजे वहाँ पहुँच जाएगा। वापसी में दोपहर डेढ़ बजे प्रयागराज से उड़कर यह विमान दोपहर पौने 3 बजे बिलासपुर पहुँचेगा।
- विदित हो कि एलायंस एयर कंपनी ने 4 से 8 अक्तूबर तक बिलासपुर से दिल्ली के लिये सीधी विमान सेवा हेतु ट्रायल शुरू किया था, जो सफल रहा।
- गौरतलब है कि अंचलवासियों द्वारा बिलासपुर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद जैसे महानगरों के लिये सीधी विमान सेवा की मांग लंबे समय से की जा रही थी। वर्तमान में बिलासपुर से जबलपुर-प्रयागराज होते हुए सिर्फ एक फ्लाइट चल रही है। इसी बीच इंदौर और भोपाल के लिये विमान सेवा शुरू की गई थी। यात्रियों की कम संख्या का हवाला देते हुए इसे बंद कर दिया गया, जो अभी भी बंद है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/direct-air-service-facility-from-bilaspur-to-new-delhi-will-start-soon